प्रॉपर्टी डीलर को रंगदारी की धमकी देकर फायरिंग करने वाले पांच गिरफ्तार

झालावाड़ (निसं)। शहर में सोमवार को पीलखाना मौहल्ला में करीम बेग उर्फ गुरू के साथ रंगदारी के पांच लाख रूपये की मांग को लेकर मारपीट व फायरिंग की घटना कारित करने वाले पांच अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।

गिरफ्तार आरोपियों में से सोनू ठाकुर, विक्की सुमन, लोकेश मेहरा उर्फ बिटटू पाशा, आरिफ बूचा, राजेन्द्र उर्फ मिट्टू व आर्म्स प्रकरण में धीरज बहादुर उर्फ हनी उर्फ नेपाली को जिला स्पेशल टीम व थाना कोतवाली पुलिस टीम द्वारा घटना कारित करने के 24 घण्टे के अन्दर गिरफ्तार कर अभियुक्तों से घटना में प्रयुक्त अवैध आग्नेयास्त्र तीन पिस्टल व तीन जिन्दा कारतूस को जप्त करने में सफलता अर्जित की है।

जिला पुलिस अधीक्षक मोनिका सेन ने बताया कि गत सोमवार को फरियादी करीम बेग उर्फ भुरू निवासी पीलखाना मोहल्ला ईदगाह रोड झालावाड़ ने कोतवाली पर रिपोर्ट दर्ज करवायी कि सोनू ठाकुर ने मुझे फोन करके रंगदारी के पांच लाख मांगे मैंने इन्कार किया तो मुझे जान से मारने की धमकी दी।

इसके बाद मुझे विक्की जोशी, शम्भू प्रजापति व विक्की कालिया द्वारा भी 3-4 बार फोन करके धमकियों दी व शाम के समय सोनू ठाकुर व विक्की जोशी हाथ में चाकू लेकर मेरे घर मे जबरन घुस आये व मेरे साथ मारपीट करके मेरे से रूपये व आधार कार्ड छीन लिया व मेरे चीखने चिल्लाने की आवाज सुनकर बाहर खड़े लोगों ने मुझे बचाया, इसके उपरान्त 10-15 मिनट बाद दुबारा शम्भू प्रजापति निक्की कालिया व मिटू प्रजापति मेरे घर के बाहर आए एवं कहा कि हमें सोनू ठाकुर ने भेजा है सोनू ठाकुर को 5 लाख रूपये दे देना वरना जान से मार देंगे बाद में रात नौ बजे करीब सोनू ठाकुर, विक्की कालिया, विट्टू पाशा, विक्की धनवाडा, आरिफ बूचा घर पर हाथो में पिस्तोल लेकर आये और करीम बैग को जान से मारने की नियत से पिस्टल निकाल कर फायर किये जो करीम बैग के घर के दरवाजे एवं दीवार पर लगी।

झालावाड़ के पीलखाना मौहल्ला में करीम बेग उर्फ गुरू के साथ रंगदारी के पांच लाख रूपये की मांग को लेकर मारपीट व फायरिंग के पांच अभियुक्तों को गिरफ्त में लिया।

उक्त दोनों घटनाओं के सम्बन्ध में थाना कोतवाली पर पृथक-पृथक प्रकरण दर्ज कर घटना को गंभीरता से लेते हुये वारदात में शामिल अपराधियों की त्वरित गिरफ्तारी सुनिश्चित करने के लिए अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राजेश यादव के निर्देशन में अमित कुमार आई.पी.एस. सहायक पुलिस अधीक्षक सुपरविजन में कोतवाली झालावाड व

■ तीन पिस्टल व तीन कारतूस बरामद

दिनेश राठौर प्रभारी जिला स्पेशल टीम के नेतृत्व में पृथक पृथक टीमों का गठन किया गया।

टीम द्वारा मुखबिर तंत्र, सायबर टीम व सीसीटीवी कैमरों की मदद से वारदात में शामिल 05 अपराधियों को 3.11.2021 को गिरफ्तार करने में सफलता अर्जित की है। मुलजिमान की सूचना पर घटना में प्रयुक्त 23.1 आग्नेयास्त्र तीन पिस्टल मय तीन जिन्दा कारतूस जप्त किये है। अभियुक्तगण से वारदात में शामिल अन्य अपराधियों की सलिप्तता व आग्नेयास्त्रों की प्राप्ति के स्त्रोतों के बारे में अनुसंधान किया जा रहा है।

अभियुक्तगणों के विरूद्ध पूर्व में भी कई मुकदमे थाना हाजा पर संगीन धाराओं में दर्ज हैं। इसी क्रम में शहर झालावाड़ में खानपुर रोड शमशान के पास से अभियुक्त धीरज बहादुर उर्फ हनी के कब्जे से अवैध फायर आर्म्स एक देशी पिस्टल मय एक जिन्दा कारतूस को जब्त कर मुलजिम को गिरफ्तार किया जाकर अभियुक्त के विरूद्ध थाना कोतवाली झालावाड पर आर्म्स एक्ट के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर अनुसंधान जारी है।

'एस आई कंपनी श्रमिकों को एनजीटी व लॉकडाउन का पूर्ण भुगतान करें'

रामगंजमंडी, (निसं)। राष्ट्रीय मजदूर संघ इंटक रामगंजमंडी ने एएसआई कंपनी पर श्रमिकों का साथ छल कपट करने का आरोप लगाया है। राष्ट्रीय मजदूर संघ इंटक के अध्यक्ष सौदान सिंह परमार व कार्यवाहक अध्यक्ष राजेंद्र सिंह सिसोदिया, महामंत्री राम सहाय वाडिया, मंत्री राम गोपाल गुप्ता, कोषाध्यक्ष ब्रजमोहन गोमे ने बताया कि एएसआई कंपनी द्वारा श्रमिकों को गुमराह करने की कोशिश की गई है जबकि राष्ट्रीय मजदूर संघ इंटक में लोक डाउन एवं एनजीटी के श्रमिकों का भुगतान करने के लिए समझौता अधिकारी सहायक आयुक्त केंद्रीय श्री भवन के यहां इस संबंध में विवाद चल रहा है। बिना किसी आदेश के श्रमिकों के खाते में एनजीटी लॉक डाउन का साल भर के वेतन के आधार पर एक प्रतिशत का भुगतान किया गया है जो अमान्य है ,जबकि श्रमिकों को एनजीटी के खान बंद रहने पर करीब 2 माह वेतन का भुगतान नहीं किया गया है एवं कोरोना काल लोकडाउन में 3 माह का भुगतान नहीं किया गया है। अत: प्रबंधकों ने ऊंट के मुंह में जीरा की कहावत चरितार्थ की है। राष्ट्रीय मजदूर संघ प्रबंधकों के इस तरह के भुगतान करने पर सहमत नहीं है श्रमिकों को पूर्ण राशि का भुगतान किया जावे अन्यथा मजबूरन राष्ट्रीय मजदूर संघ (इंटक)को आंदोलन का रास्ता अपनाना पड़ेगा।

सार-समाचार

नकदी सहित पांच जुआरी गिरफ्तार

छबड़ा (निसं)। जुआ-सट्टा विरोधी अभियान के तहत चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस ने कार्यवाही करते हुए ताश के पत्तो से जुआ खेल रहे पांच आरोपियों को गिरफ्तार कर 30 हजार रुपए से अधिक की जुआ राशि जब्त की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार अपराधो की रोकथाम के लिये बारां पुलिस अधीक्षक कल्याण मल मीना ने सभी थानाधिकारियों को निर्देश दिए हैं। इस पर विजय स्वर्णकार अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक बारां के निर्देषन में छबडा डीएसपी ओमेन्द्र सिंह शेखावत के सुपरवीजन में टीम गठित की गई टीम में छबडा सीआई नेकीराम के नेतृत्व में एएसआई धनराज, हेड कान्स्टेबल मंगतूराम, कांस्टेबल ओमेश, कांस्टेबल शिवराज, कांस्टेबल गोविन्द, कांस्टेबल रामराज, कांस्टेबल रामधन, कांस्टेबल राजेश व रामसिंह शामिल रहे। टीम ने जुआ-सट्टा की कार्यवाही करते हुए ईरानी मोहल्ला में ईरानियों के चौक से पांच व्यक्तियों को ताश के पत्तो पर रूपये-पैसों का दाव लगाकर जुआ खेलते हुए जुआ राशि 31 हज़ार 2 सौ 50 रुपये सहित 52 ताश के पत्ते जब्त कर आरोपी जितेंद्र माली निवासी मालियों के मन्दिर के पीछे छबडा, सोनू बागवानी निवासी हिलव्यू कॉलोनी छबडा, सलमान निवासी संजय कॉलानी छबडा, चंचल लुहार निवासी ईरानी मोहल्ला छबडा व समीर मंसूरी निवासी अलीगंज बाजार को गिरफ्तार किया है।

'प्रशासन गांवों के संग अभियान में आमजन को तत्काल मिल रही राहत'

छबड़ा (निसं)। राज्य सरकार द्वारा चलाए जा रहे प्रशासन गांवों के संग अभियान के तहत बुधवार को छबडा पंचायत समिति क्षेत्र की ग्राम पंचायत गोडियामेहर में शिविर आयोजित किया गया जिसमें विभिन्न कार्यों का निस्तारण किया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार बुधवार को ग्राम पंचायत गोडियामेहर में शिविर आयोजित किया गया शिविर में परिवहन विभाग द्वारा अट्ठाईस पास जारी किए गए, पशुपालन विभाग द्वारा 305 पशुओं को दवाई दी गई, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग द्वारा 38 लोगों को पेंशन का लाभ दिया गया एवं सात लोगों को पालनहार का लाभ दिया गया साथ ही एक व्यक्ति को कोरोना सहायता का लाभ दिया गया। कृषि विभाग द्वारा सिंचाई पाइप लाइन स्वीकृत की गई। आयुर्वेद विभाग द्वारा 106 मरीजों को परामर्श एवं दवा दी गई। ग्राम पंचायत द्वारा 15 जॉब कार्ड, 106 पट्टे, 18 जन्म प्रमाण पत्र व 6 मृत्यु प्रमाण पत्र जारी किए गए। राजस्व विभाग द्वारा 88 नामांतरण, 485 खाता शुद्धिकरण, चिकित्सा विभाग द्वारा 157 मरीजों को परामर्श एवं दवा दी गई वही कोरोना की 42 वैक्सीन लगाई गई। आयोजना विभाग द्वारा 49 नए जन आधार कार्ड बनाए गए। साथ ही गोडियामेहर गांव निवासी लटूरी बाई को पालनहार योजना का लाभ दिया गया।

ब्लॉक स्तरीय शिविर 25 व 26 को

झालावाड़ (निसं)। राजस्थान सरकार स्वास्थ्य योजना की जानकारी लाभार्थियों को प्रदान करने एवं उनकी समस्या समाधान के लिए ब्लॉक स्तर पर 25 व 26 नवम्बर, 2021 को संबंधित ब्लॉक के उपकोष कार्यालयों में शिविर आयोजित किए जाएंगे। राज्य बीमा एवं प्रावधायी निधि विभाग के सहायक निदेशक इन्द्र कुमार भानू ने बताया कि 25 नवम्बर को ब्लॉक अकलेरा, पचपहाड़, खानपुर व पिड़ावा में तथा 26 नवम्बर मनोहरथाना, झालरापाटन एवं गंगधार में शिविर आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि राज्यकर्मियों को आरजीएचएस पंजीकरण में सहायता प्रदान करने हेतु संबंधित विभाग के अधिकृत कार्मिकों को प्रशिक्षित किए जाने की सुविधा भी इस कार्यालय द्वारा उपलब्ध करवाई जा रही है, जो अन्य कार्मिकों के पंजीयन में सहायता प्रदान करेंगे। उन्होंने बताया कि आरजीएचएस पंजीकरण के लिए जनआधार पंजीयन संख्या एवं जनआधार संख्या की आवश्यक्ता होती है अत: समस्त कार्मिक जनआधार कार्ड अवश्य बनवाएं।

फैजान ने छोटा सोलर एनर्जी प्लांट बनाया

छबड़ा (निसं)। छबड़ा उपखंड के कडैयाबन के राजकीय माध्यमिक विद्यालय मे विज्ञान मेला आयोजित किया गया जिसमें विद्यालय के कई छात्र छात्राओं ने भाग लिया। इस दौरान 10 वी कक्षा में पढ़ने वाले होनहार छात्र ने छोटा सोलर एनर्जी प्लांट बनाकर उससे छोटा बल्ब जलाकर दिखाया। प्राप्त जानकारी के अनुसार छबडा क्षेत्र के कडैयाबन गांव के राजकीय माध्यमिक विद्यालय में मंगलवार को विज्ञान मेले का आयोजन किया जिसमें 10वी कक्षा में पढने वाले फैजान खान ने छोटा सोलर एनर्जी प्लांट बना दिया, जिसमें एक सोलर पेनल से बल्ब जलाकर दिखाया। जिसे देख कर सभी ने छात्र फैजान खान की खूब सराहना की तथा फैजान ने विज्ञान मेले में प्रथम स्थान प्राप्त किया तथा जिला स्तर के लिए चयन किया गया। इस उपलब्धि के लिए फैजान को समस्त स्टाफ ने सम्मानित किया।

कोटा अंडर-16 क्रिकेट टीम के लिए चयन ट्रायल आज

कोटा, (निसं)। राजस्थान क्रिकेट संघ के तत्वाधान में आयोजित होने वाली आगामी अंडर-16 राज्य स्तरीय किक्रेट प्रतियोगिता के लिए कोटा टीम के चयन हेतु कोटा जिले के खिलाड़ियों की चयन ट्रॉयल अनंतपुरा स्थित अनंतपुरा क्रिकेट एकेडमी कोटा पर आज प्रात: 9 बजे से आयोजित की जाएगी। कोटा जिला क्रिकेट संघ के संयुक्त सचिव अनस पठान ने बताया कि विशेषज्ञ चयन समिति की देखरेख में होने वाली चयन ट्रायल में भाग लेने वाले खिलाड़ी जिनका जन्म 1 सितम्बर 2005 से 31 अगस्त 2007 के बीच हुआ हो उन्हें ट्रायल के दौरान अपने साथ कंप्यूटराइज्ड जन्म प्रमाण पत्र, मूल निवास प्रमाण पत्र, 3 साल की विद्यालय अंक तालिका और अपना एवं माता पिता का आधार कार्ड साथ लाना होगा। ट्रायल लाल गेंद से ली जाएगी तथा भाग लेने वाले खिलाड़ियों को व्हाईट ड्रेस कोड में आना होगा।

महंगाई के विरोध में रैली निकाली

कोटा, (निसं)। दिन-प्रतिदिन पेट्रोल-डीजल के बढ़ते दाम, बढ़ती महंगाई के विरोध में अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के आदेशानुसार व प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार 14 नबम्बर से 29 नबम्वर तक देश में जन जागरण अभियान चलाया जा रहा है जिसके तहत बुधवार को विज्ञान नगर क्षेत्र में रैली निकाल कर जनसमपर्क किया गया। रैली को संबोधित करते हुये रविन्द्र त्यागी ने कहा कि किसानों द्वारा लगभग 1 वर्ष से दिल्ली के बोर्डर पर तीनों कृषि काले कानूनों के विरोध में लगातार प्रदर्शन चल रहा है। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी द्वारा भी समर्थन दिया गया था तब से जिला काँग्रेस कमेटी कोटा द्वारा किसानों के समर्थन में ट्रेक्टर रैली, विभिन्न प्रदर्शन, रैलियां, कोटा बंद तक करवाया था।

जिला सब जूनियर कबड्डी आज से

झालावाड़ (निसं)। जिला कबड्डी संघ द्वारा जिला सब जूनियर कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन 25 व 26 नवम्बर को खेल संकुल झालावाड़ पर किया जाएगा। जिला कबड्डी संघ के अध्यक्ष सीताराम मीणा ने बताया कि इस प्रतियोगिता में 16 वर्ष से कम आयु तथा 55 किलो से कम वजन के बालक एवं बालिका वर्ग की टीमें भाग लेंगी। प्रतियोगिता के आधार पर चयनित झालावाड जिले की टीम भीलवाड़ा में 2 से 5 दिसम्बर तक आयोजित राजस्थान राज्य सब जूनियर कबड्डी प्रतियोगिता में भाग लेने जाएगी। प्रतियोगिता में भाग लेने की प्रविष्ठि जिला कबड्डी संघ के सचिव शरीफ खान को दी जा सकती है। प्रतियोगिता का शुभारम्भ 25 नवम्बर को दोपहर 2 बजे होगा।

संभागीय आयुक्त आज सरडा शिविर का निरीक्षण करेंगे

झालावाड़ (निसं)। कोटा संभाग के संभागीय आयुक्त कैलाश चन्द मीणा 25 नवम्बर को झालावाड़ के दौरे पर रहेंगे। अतिरिक्त जिला कलेक्टर राधेश्याम डेलू ने बताया कि संभागीय आयुक्त 25 नवम्बर को प्रात: 11 बजे उपखण्ड कार्यालय मनोहरथाना तथा पंचायत समिति अकलेरा की ग्राम पंचायत सरड़ा में प्रशासन गांवों के संग अभियान के तहत आयोजित शिविर का निरीक्षण करेंगे।

आज यहां लगेंगे शिविर

झालावाड़ (निसं)। जिला कलेक्टर हरि मोहन मीना ने बताया कि प्रशासन गांवों के संग अभियान के तहत 25 नवम्बर को अकलेरा की ग्राम पंचायत सरडा, खानपुर की ग्राम पंचायत मरायता, भवानीमण्डी की ग्राम पंचायत अलावा, डग की ग्राम पंचायत बरडिया बीरजी तथा पंचायत समिति पिड़ावा मुख्यालय सुनेल की ग्राम पंचायत सालरी में शिविर आयोजित होंगे।

अभिनेता राहिल खान को पुलिस ने गिरफ्तार किया

रामगंजमंडी, (निसं)। रामगंजमंडी में पिछले दिनों राहिल खान द्वारा निर्मित शार्ट मूवी अंधविश्वास को रिलीज करने के किये भव्य समारोह का आयोजन होने जा रहा था। फिल्म यूट्यूब चैनल आर के प्रोडक्शन पर रिलीज होनी थी परन्तु हिन्दू संगठनों द्वारा फिल्म के खिलाफ विरोध व प्रदर्शन शुरू कर दिया गया, विरोध का कारण बताया गया कि फिल्म हिन्दू समाज को अपमानित करने के उद्देश्य से बनाई गई, सनातन धर्म का मजाक उड़ाया गया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार जैसे ही विरोध शुरू हुआ राहिल खान ने फिल्म की रिलीजिंग व आयोजन को रद्द कर दिया व कहा कि फिल्म का निर्माण समाज में फैले अंधविश्वास को दूर करने व उन्हें जागरूक करने के उद्देश्य से बनाई गई। फिल्म समाज में अच्छा संदेश देगी। फिल्म में किसी भी धर्म को लेकर कोई टिका टिप्पणी नहीं है और ना ही फिल्म में किसी धर्म को

■ न्यायालय ने गिरफ्तारी को सही नहीं बताया व पुलिस इस्तगासे को खारिज कर बरी किया

अपमानित करने की कोई मंशा है।

यही बात राहिल खान ने एक ज्ञापन के जरिये एसडीएम व थानाधिकारी को बता दी व स्पष्ट कर दिया कि वह फिल्म को अब प्रशासनिक अधिकारियों व गणमान्य लोगों को दिखाएंगे उसके बाद इजाजत मिली तो रिलीज करेंगे ठीक नहीं तो रिलीज नहीं की जाएगी। राहिल ने यह भी कहा कि जब फिल्म रिलीज नहीं हुई और किसी ने देखी नहीं तो फिर विरोध कैसा।

उधर दूसरे दिन हिन्दू संगठन विश्व हिंदू परिषद ने डीएसपी को ज्ञापन दिया व विरोध जताते राहिल की गिरफ्तारी की मांग की। विश्व हिंदू परिषद के ज्ञापन के बाद सीआई सत्यनारायण मालव ने राहिल को थाने बुलाया व शांति भंग के आरोप में गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया। कोर्ट ने राहिल की गिरफ्तारी को सही नहीं माना व गिरफ्तार करने वाले सीआई सत्यनारायण मालव को कोर्ट में बुलाया व जवाब तलब किया। सीआई राहिल को गिरफ्तार करने का माकूल कारण नहीं बता सके लिहाजा न्यायाधीश ने पुलिस के इस्तगासे को खारिज करते हुए राहिल खान को रिहा कर दिया।

इस मामले में राहिल खान का कहना है कि मैंने फिल्म रिलीज नहीं की है। फिल्म में किसी भी धर्म का अपमान नहीं किया गया है। मैं फिल्म को प्रशासनिक अधिकारियों व गणमान्य लोगों को दिखाने के बाद ही रिलीज करने का फैसला लूंगा। मेरे खिलाफ दुष्प्रचार करने लिए एक मीडिया संस्थान व उसके संवाददाता के खिलाफ कोर्ट में जाऊंगा।

28 किसानों के 100 वर्ष पुराने राजस्व खाते के बंटवारे का समाधान हुआ

कोटा, (निसं)। प्रशासन गांवों के संग अभियान के तहत कनवास के ग्राम झालरी में बुधवार को आयोजित शिविर 28 कास्तकारों की स्वतंत्रता के पहले से चली आ रही भूमि का बंटवारे की समस्या का एक दिवस में निराकरण कर राहत प्रदान की।

शिविर प्रभारी एसडीएम कनवास राजेश डागा ने बताया कि ग्राम झालरी निवासी मंगू मोहम्मद सहित 28 सहखातेदारों की 19.25 हैक्टयर भूमि ग्राम नियाना पटवार मण्डल झालरी में स्थित हैं। किसान मंगू ने कई बार बंटवारा कराना चाहा पर सभी खातेदारन एक साथ उपस्थित नहीं होने के कारण बंटवारा नहीं हो पाया। राज्य सरकार द्वारा आयोजित किये जा रहे प्रशासन गांवों के संग अभियान की जानकारी मिलने एवं उपखण्ड प्रशासन की पहल पर शिविर में सभी खातेदारन उपस्थित हुए तथा सभी सहखातेदारों ने भूमि का बंटवारा कराने की सहमति प्रदान की। शिविर प्रभारी ने शिविर में उपस्थित तहसीलदार आमोद कुमार माथुर, भू.अभि.निरीक्षक आबिद अली, पटवारी अजयसिंह राजावत को काश्तकारों की सहमति अनुसार बंटवारा कराने के लिए कार्यवाही करने के निर्देश दिये।

शिविर में मजमे आम में ग्रामीणों से खातेदारों के बारे में जानकारी ली गई जिसमें सभी लोगों ने भी प्रकरण को 10 वर्षों से अधिक लम्बित बताते हुए आपसी सहमति से बंटवारा करने की बात रखी। जैसे ही शिविर में अधिकारियों द्वारा 28 खातेदारों का नाम राजस्व रिकॉर्ड में दर्ज कर बंटवारा किये जाने के बारे में बताया तो मंगू मोहम्मद, आरिफ हुसैन, साजिद मोहम्मद के आंखों में खुशी के आंशु झलक पड़े। मंगू ने बताया कि परिवार के सदस्य बढ़ते गये लेकिन जमीन का राजस्व रिकॉर्ड में बंटवारा नही हो पाया इसका कारण कभी कोई सदस्य बहार होता ता कभी कोई सदस्य आने से मना कर देता। उन्होंने 100 वर्ष पुरानी समस्या के निराकरण होने से उपखण्ड प्रशासन तथा अभियान चलाने के लिए मुख्यमंत्री श्री अशोक गहलोत का आभार व्यक्त किया। उसने बताया कि अब परिवार के सभी सदस्य मेल मिलाप से रहेंगे तथा भूमि संबंधी विवाद नहीं होगा।

28 काश्तकारों को एक साथ मिला शिविर का लाभ:- उपखण्ड अधिकारी राजेश डागा के निर्देश पर शिविर में भू-अभि.निक्षक, पटवारी की रिपोर्ट होने पर तहसीलदार कनवास ने बंटवारा आदेश जारी किये, जिसके कारण ग्राम नियाणा के सहखातेदारी की भूमि में दर्ज 28 काश्तकार, आरिफ हुसैन, साजिद मोहम्मद, अफ्रोज बानो, अफसाना बानो, अब्दुल वाहिद, असफाक, आसिक, इकराम हुसैन, कमरूद्वीन, ख्वाज मोहम्मद, खातून बाई, चन्द्रसेन, जाकिर हुसैन, नूर बानो, नूरीबानो, नाजिद मोहम्मद, फूलाबाई, मंगूमोहम्मद, मुबारकअली, मुस्तकीम, मांगीबाई, रफीक मोहम्मद, रेशमाबानो, सुबराती, सबाना बानो, शाहिस्ता परवीन, शौकत हुसैन, सिद्वीक हुसैन के खाते पृथक-पृथक भूमि दर्ज करने आदेश जारी किये गये।

संत रामलाल सियाग का अवतरण दिवस धूमधाम के साथ मनाया

कोटा, (निसं)। आध्यात्म विज्ञान सत्संग केन्द्र जोधपुर के संस्थापक संत गुरूदेव रामलाल सियाग का 96वां अवतरण दिवस बुधवार को सीन्ता स्थित कोटा शाखा के आश्रम में धूमधाम के साथ मनाया गया।

आध्यात्म विज्ञान सत्संग केन्द्र जोधपुर के अध्यक्ष राजेन्द्र सियाग एवं कोटा शाखा के प्रवक्ता राजेश गौतम ने बताया कि भारतीय योग दर्शन की महाविद्या कुण्डलिनी जागरण के समर्थ संत रामलाल सियाग का 96वां अवतरण दिवस जोधपुर मुख्यालय सहित देश व विदेश मे स्थित समस्त शाखाओ पर उनके लाखों साधक शिष्यों द्वारा धूमधाम के साथ मनाया गया। राजेश गौतम ने बताया कि सीन्ता कोटा स्थित आश्रम पर अवतरण दिवस का भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें हाड़ौती क्षेत्र बूंदी, बांरा, झालावाड़ व ग्रामीण क्षैत्र के हजारों साधक शिष्य ने सम्मिलित हुये।

कार्यक्रम का शुभारम्भ प्रात: 10.30 बजे समर्थ सदगुरु रामलाल सियाग की चरण पादुका के प्रक्षालन कर किया गया। इस अवसर पर गुरू शिष्य परम्परा के अनुसार कोटा के हजारों शिष्यों ने अपने गुरू समर्थ रामलाल सियाग की तस्वीर की पूजा अर्चना की साथ ही उनके भी गुरू बाबा गंगाईनाथ महायोगी की तस्वीर पर भी फूल माला अर्पित कर पूजा अर्चना की गई। इसके पश्चात उपस्थित सभी साधकों ने समर्थ गुरू रामलाल सियाग द्वारा प्रदत्त संजीवनी मंत्र के जाप के साथ सामूहिक ध्यान किया। सामूहिक ध्यान के दौरान कई शिष्य साधकों का गहरा ध्यान लगा तथा उन्हे स्वत: योगिक क्रियाये आसन, बन्ध, मुद्राये भी होने लगी। नवआगुन्तकों को समर्थ सदगुरू राम लाल सियाग की दिव्य आवाज में एलसा डी प्रोजेक्टर के माध्यम से संजीवनी मंत्र की दीक्षा भी दी गई। उपस्थित लोगों ने कतारबद्ध हो कर आसन के समीप जाकर श्रृद्धानवत हो कर पूजा अर्चना की। इस अवसर पर संस्था के वर्ष 2022 के कलेण्डर का विमोचन भी किया गया।

कार्यक्रम का संचालन करते अध्यक्ष राजेन्द्र सियाग के हवाले से उपस्थित साधकों को खुशहाल बावा द्वारा संस्थागत जानकारी देते हुये बताया कि अध्यात्म विज्ञान सत्संग केन्द्र जोधपुर का रजिस्ट्रेशन यू एन ओ मे हो चुका है तथा उनकी जांच पड़ताल पश्चात वर्ल्ड लेवल पर यह बताया गया है कि यह संस्था पूर्णरूपेण विश्व में मानवता के लिये कार्य कर रही है।

संस्था का ध्येय वाक्य भी यही है कि मानवतो मे सतोगुण का उत्थान ओर तमोगुण का पतन करने संसार में अकेला ही निकल पड़ा हूं। मुझ पर किसी भी जाति-विशेष, धर्म विशेष तथा देश-विशेष का एकाधिकार नही है। समर्थ संत सदगुरु रामलाल सियाग एंव संस्था का यह ध्येय वाक्य सफल होने लगा है तथा इसी से विश्व मे धार्मिक क्रांति होगी।

कार्यक्रम सोशल मीडिया पर लाईव प्रसारण राम लाल यादव द्वारा किया गया। कोटा शाखा के व्यवस्थापक गंगाराम सारण ने कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिये सभी साधकों का धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर संस्था की तरफ से भोजन प्रसादी का भी कार्यक्रम भी हुआ जिसमें सभी आगन्तुक साधकों ने प्रसाद ग्रहण किया। कार्यक्रम का संचालन खुशहाल बाबा ने किया।

इस अवसर पर छीतर लाल, नरेन्द्र शर्मा पंडित, दिलीप पुरुषवानी, डॉक्टर अनिल सोनी, श्यामसुन्दर शर्मा, नरोत्तम सोनी, रामगोपाल राणा, कान्ता राणा सुरेश योगी शर्मा, श्रीनाथ मंत्री, चौथमल गौड़, बी एल सुमन, बृजसुन्दर नामा, सन्मति जैन, रामलाल यादव, जसवीर चौधरी, तपोधन दाधीच आदि विशेष रूप से उपस्थित रहे।

राजकीय सम्प्रेषण गृह का निरीक्षण किया

कोटा, (निसं)। राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जयपुर के निर्देश पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोटा सचिव द्वारा बुधवार को राजकीय सम्प्रेषण गृह का निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण के दौरान जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोटा की सचिव अणिमा दाधीच की ओर से राजकीय सम्प्रेषण गृह, सुरक्षित गृह एवं विशेष गृह में निरूद्ध विधि से संघर्षरत किशोरों को प्रदान की जाने वाली सुविधाओं जिनमें भोजन व्यवस्था, विधिक सहायता एवं परामर्श, चिकित्सा व मेडिकल सुविधाओं, दवाइयों की उपलब्धता इत्यादि का निरीक्षण कर जानकारी ली गई। इस दौरान उन्होंने संप्रेषण गृह के अधिकारियों को संप्रेषण गृह की व्यवस्थाओं को और बेहतर बनाए जाने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान किशोरों व बालकों के विधिक अधिकारों, नि:शुल्क विधिक सहायता, किशोर न्याय अधिनियम आदि विधियों की जानकारी प्रदान की व किशोरों को नशीले पदार्थों के सेवन के दुष्परिणाम बताकर नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित किया। निरीक्षण के समय गृह में कुल 25 बालक निवासरत पाए गए जिनमें से 11 बालक सुरक्षित गृह में एवं 14 बालक सम्प्रेषण गृह में निरूद्ध है। बुधवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोटा व मोदी लॉ कॉलेज के संयुक्त तत्वावधान में राजकीय सम्प्रेषण गृह कोटा में विधिक जागरूकता कार्यक्रम एवं लघु नाटिका आयोजित की गई। जागरूकता कार्यक्रम में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव अणिमा दाधीच एवं मोदी लॉ कॉलेज के विद्यार्थियों द्वारा भाग लिया गया। विधिक जागरूकता कार्यक्रम एवं नाटिका का उद्देश्य संरक्षण गृह में रह रहे बच्चों को भविष्य में अच्छे आचरण के लिए प्रेरित करना था।

कार्यक्रम के दौरान मोदी लॉ कॉलेज के विद्यार्थीयों द्वारा विभिन्न विषयों पर विधिक जानकारी प्रदान की गयी तथा लघु नाटिका के माध्यम से गृह में आवासरत बालकों को प्रेरणादायक बातें बता कर अपने समय का सदुपयोग करने व समाज के लिए बेहतर नागरिक बनने के लिए प्रेरित किया।

'सच्चा कुशल राजनेता दुश्मन की शक्ति का पूरा ध्यान रखता है'

कोटा, (निसं)। धर्म से दूरी पाप की ओर जाने का मार्ग है, लक्ष्य का निर्धारण करों, लोभ करोंगे तो जाल में फंस जाओंगे, सच्चा कुशल राजनेता दुश्मन की शक्ति का पूरा ध्यान रखता है। यह बात चन्द्रोदय तीर्थ क्षेत्र चांदखेड़ी जैन मंदिर खानपुर में चातुर्मास के दौरान चल रहे कल्याणकारी प्रवचन के दौरान निर्यापक श्रमण मुनि पुंगव सुधा सागर महाराज ने प्रवचन के दौरान कही।

सुधा सागर महाराज ने कहा कि दुश्मन की कमी नहीं उसकी अच्छाई देखनी चाहिए। उन्होंने कहा कि चूहा भी कपड़े को काटता है और टेलर भी कपड़े को काटता है, एक काटने का पैसा लेता है और वस्तु को अनमोल बनाता है जबकि दूसरा वस्तु को बेकार कर देता है। जैन दर्शन ने सभी को समझदार बनाया, दुनिया जानी है, जैनी बुद्धिमान होते हैं, यह मात्र धन दौलत ही नहीं मोक्ष मार्ग की पहचान भी करते हैं। ज्ञान करो हर चीज को समझो, डरो मत, भागो मत, शरीर छोड़ने को भी तैयार रहो। सुधा सागर महाराज ने कहा कि आत्मा को जानने वाला व्यक्ति पर को जानने से परेशानी में पड़ जाता है। उन्होंने राजा, राजनीति, अच्छाई, बुराई, शक्ति, कपट और छल के बारे में विस्तार से व्याख्या करते हुए महाराणा प्रताप का उदाहरण दिया। उन्होंने कहा कि महाराणा प्रताप दो धारी तलवार चलाने में माहिर थे लेकिन सामने वाले दुश्मन ने धोखे से बंदूक और बारूद का सहारा लिया। महाराणा प्रताप ने दुश्मन की शक्ति को नहीं पहचाना, वह 40 किलो की तलवार चलाने में माहिर थे। महाराज ने कहा कि महाराणा प्रताप को अपनी शक्ति पर विश्वास था इसलिए उन्होंने अपने राज में कभी गुप्तचर नहीं रखें।

सुधा सागर महाराज ने कहा कि धर्म हो या संसार दुश्मन को कभी छोटा नहीं समझना चाहिए। दुश्मन का समर्पण भी जल्दी मत मानना वह खतरा है। सांप फन फैलाएगा तो खतरा नहीं लेकिन उसने फन बंद कर लिया तो आक्रमण करेगा।

कांग्रेस सेवादल ने लोगों के स्वास्थ्य को लेकर जागरुकता अभियान प्रारम्भ किया

झालावाड़ (निसं)। कांग्रेस सेवादल ने लोग स्वस्थ रहे इसके प्रति 23 नवम्बर से शहर में जागरूकता अभियान प्रारम्भ किया है। प्रदेश मुख्य प्रशिक्षक मोहम्मद शफीक खान ने बताया कि मुख्यमंत्री अशोक गहलोत द्वारा कांग्रेस कार्यकर्ताओं को किये गये आव्हान पर प्रदेश कांग्रेस सेवादल के प्रदेशाध्यक्ष हेमसिंह शेखावत व जिला कांग्रेस अध्यक्ष कैलाश मीणा के निर्देशन में शहर में घर-घर जाकर स्वास्थ्य सम्बन्धी जानकारी दी जाएगी।

23 व 24 नवम्बर को कांग्रेस सेवादल पदाधिकारियों ने राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी योजना चिरंजीवी स्वास्थ्य बीमा योजना के बारे में बताया कि जिन्होंने इस योजना के तहत पंजीयन नहीं करवाया तुरन्त प्रभाव से जनआधार कार्ड साथ लेजाकर ई-मित्र पर 850 रूपये जमा कर पंजीयन करावें। आपको 5 लाख तक का ईलाज फ्री मिलेगा। उसके

झालावाड़ में कांग्रेस सेवादल ने जागरूकता अभियान प्रारम्भ किया।

लिए राज्य सरकार द्वारा शिविर भी लगाये जा रहे है साथ ही डेंगू बीमारी से सावचेत रहने एवं उसके बचाव के उपाय भी बताए कोरोना की तीसरी लहर से भी सावधान

■ राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी योजना चिरंजीवी स्वास्थ्य बीमा योजना के बारे में बताया

रहने को कहा तीसरी लहर की शुरूआत हो चुकी है। कोविड-19 वैक्सीन का दूसरा टीका जरूर लगवाने वैक्सीन ही कोरोना से बचाव का कारगर उपाय है इसके लिए शिविर लगाए जा रहे है। चिकित्सा कर्मी घर-घर पहुंचकर टीका लगा रहे है। जागरूकता अभियान में कांग्रेस स